हम जम्मू-काश्मीर के बारे में जब तक कोई फर्म और कंसिस्टेंट पालिसी नहीं अपनाएंगे तब तक कितनी बार आप चुनाव पोस्टपोन करते जाएं लेकिन जम्मू-काश्मीर की समस्या हल नहीं हो सकती। इसके लिए कम से कम जम्मू और लद्दाख को बलि पर न चढ़ाया जाए। जम्मू में लोकल बाडीज के चुनाव हो सकते हैं, गवर्नर रूल में कोई भी चुनाव वहां नहीं हो रहे हैं। इसी तरह से मैं चाहता हूं कि लददाख की मांगें भी पूरी की जाएं और जम्मू की भी पूरी की जाएं। ऐसा न हो कि जम्मू और लद्दाख को लगे कि हम जब तक उठेंगे नहीं यह सरकार हमारी बात नहीं मानेगी। वे टैरेरिज्म के मार्ग पर न आयें, इसके लिए जरूरी है कि हम समय पर जम्मू रीजन और लद्दाख रीजन की भावनाओं का आदर करें और उनका सम्मान करें। इन शब्दों के साथ मैं यह समझता हूं कि जो यह पक्षपातपूर्ण और दोहरे मापदण्ड पर आधारित जो विधेयक लाया गया है, वह ठीक नहीं है इसलिए मैं इसका विरोध करता हूं। धन्यवाद।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस संशोधन विधेयक का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। लेकिन निश्चित रूप से मैं यह चाहता हूं कि चुनाव आयोग को जो इस संशोधन के जरिये जो जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने का अधिकार दे रहे हैं, चुनाव कराने की जो तारीख तय करे तो उसको उसकी कोई एक सीमा बांधनी चाहिए।

कश्मीर के लिए कहा गया है कि दुनिया में कहीं स्वर्ग है तो वह कश्मीर है, कश्मीर है, कश्मीर है। आज कश्मीर की हालत यह है कि वहां से जो 6 लोक सभा की सीटें हैं, चुनाव न होने के कारण लोक सभा में वह सीटें खाली पड़ी हैं। वहां का कोई प्रतिनिधि इस देश की लोक सभा में नहीं है।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): You are giving an amendment. At that time also, you will be able to speak.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: I know about that; Sir. मैं यह कह रहा था कि जो 6 लोक सभा की सीटें कश्मीर से हैं उनका कोई प्रतिनिधि इस देश की लोक सभा में नहीं है क्योंकि वहां पर चुनाव नहीं कराये जा सके। इसी प्रकार से वहां की जो विधान सभा है वह भी आज जीवित नहीं है। कश्मीर का एक भी प्रतिनिधि आज के केन्द्रीय मंत्रिमंडल में नहीं है। आज हालत यह है कि इस सदन के एक माननीय सदस्य हैं गुलाम रसूल मट्टू जो नेशनल कांफ्रेंस के सदस्य हैं आतंकवादियों के कारण अपनी जान खतरे में होने के कारण उन्होंने अपनी सीट से इस्तीफा दे रखा है। उनका इस्तीफा अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है लेकिन आतंक-

वादियों के डर के कारण वह इस सदन की बैठकों में भाग नहीं ले पा रहे हैं। इस बात को साल, सवा साल हो गया है। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि जो यह संशोधन है इसमें इस बात की चर्चा की गई है और इसके उद्देश्यों और कारणों में यह लिखा हुआ है:

> "जम्मू-कश्मीर की दशा में, निर्वाचन आयोग ने यह महसूस किया कि निष्पक्ष और स्वतंत्र निर्वाचन कराने के लिए स्थिति अनुकूल नहीं थी और उस राज्य में निर्वाचन के लिए मतदान का समय सभी सुसंगत बातों को ध्यान में रखते हुए उसके द्वारा घोषित किया जायेगा।"

इस पर मैं बाद में आऊंगा।

लेकिन जब यह चुनाव यहां टाले गये तो उसका कारण यह बतलाया गया कि वहां पर निष्पक्ष, स्वतंत्र और भयरहित चुनाव कराना संभव नहीं है। आखिर यह कब तक संभव हो पायेगा? आज की जो केन्द्रीय सरकार है इसको ही कोई ठोस कदम उठाने पड़ेंगे। जम्मू-कश्मीर को हमारे राष्ट्र की जो मुख्य धारा है उससे जोड़े रखना है। जम्मू-कश्मीर के लोगों को महसूस नहीं होना चाहिए कि वे उपेक्षित लोग हैं। वे ऐसे लोग हैं जिनके लिए सरकार की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसलिए मैं निवेदन करना चाहूंगा कि वहां पर ऐसी हालत कायम करने के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया पुनः बहाल हो सके इसके लिए सरकार को जितने भी सम्भव उपाय है, जितने भी संभव कदम हैं उनको उठाने चाहिएं।

इस संबंध में दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि पंजाब में जिस तरीके से चुनाव टाले गये वह इस देश की जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया है उस पर एक बहुत बड़ा कलंक है। 22 तारीख को वहां पर चुनाव होना था। 20 तारीख को चुनाव आयोग ने सारे देश को बतलाया कि 22 तारीख को पंजाब में चुनाव होगा लेकिन जो तारीख चुनाव के लिए मुकर्रर थी ठीक उसके एक दिन पहले चुनाव आयोग ने कहा कि पंजाब में निष्पक्ष और स्वतंत्र हालत में चुनाव कराना संभव नहीं है इसलिए वहां का चुनाव तीन महीने के लिए टाला जा रहा है। आज की जो सत्ताधारी पार्टी है उसने वहां पर जो नामांकन हुए थे उनमें अपने किसी उम्मीदवार का नामांकन दाखिल नहीं किया था क्योंकि इनके नेता स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी ने जो कांग्रेस के अध्यक्ष भी थे उन्होंने पंजाब में चुनावों के बहिष्कार का एलान कर रखा था। इस कारण कांग्रेस पार्टी की ओर से किसी भी व्यक्ति ने न तो लोक सभा के लिए और न ही विधान सभा के लिए नामांकन दाखिल किया। अब स्थिति यह है कि चुनाव आयोग ने यह कह रखा है कि 22 से 25 सितम्बर को वहां चुनाव होंगे। सरकार की ओर से इस संबंध में कोई स्पष्ट बात नहीं आई है, लेकिन लगता है कि जो सारी चुनावों की प्रक्रिया है उसको निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। इसलिए मेरा यह कहना है कि पंजाब में जैसा कि लेफ्टि० जनरल अरोड़ा ने सदन में यह मांग उठाई है कि पंजाब में जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों को कायम करने के लिए, उनको बहाल करने के लिए, लोकतांत्रिक प्रक्रिया पुनः स्थापित करने के लिए ठीक से सरकार की ओर से कदम उठाये जाने चाहिये। इन शब्दों के साथ यह जो संशोधन विधेयक है, इसका मैं समर्थन करता हूं और हमारा जो संशोधन है उस पर बाद में बोलूंगा।

SHRI A. G. KULKARNI: Mr. Vice-Chairman, I am thankful to you for giving me five minutes to speak. Usually, I don't speak on such subjects. My concern is, the situation in Punjab is deteriorating day by day and during the last 18 months or, say, about 2 years, no policy decision, which will inspire confidence in the people, has been taken by any Government. It was really to the credit of Chandra Shekhar Government which announced elections because we political par-

[Shri A. G. Kulkarni]

ties in this House always speak of starting a political dialogue. I think, Sir, this problem could be solved through political dialogue and through debate and discussion with the people of the concerned State. Mr. Vice-Chairman, Pakistan is playing a proxy war. It is actually a war which is going on in Kashmir and in Punjab also. They are supplying all types of arms and infiltrating terrorists. So the Government has to take very positive and strong steps; otherwise, by amending and issuing Ordinances this problem is not going to be solved. I am very much concerned again, as my friends here are about the release of Mr. Doraiswamy. I read in the papers and I see that the morale of the officers of the Indian Oil Corporation has gone down to such an extent that it does not give any credit to the Government. The officers are abducted in some cases. Some are released and some are killed. This type of knee-jerk reaction is really reprehensible. Mr. Minister, I want that this Doraiswamy episode should be dealt with as early as possible. It is not only an agony of Mrs. Doraiswamy but it is the agony of entire official cadre whether of Indian Oil Corporation, Doordarshan or any other organisation. It does not give any credit to the Government. In the last 18 months all the Governments have failed. At least our Government should find a solution for this. Then, Mr. Vice-Chairman, I would like to make my last point. At the outset, I want to say that the behaviour of the Election Commission during the last election was totally reprehensible. I have addressed one letter myself to the President of India criticising the decisions of the Election Commission of postponing, advancing, countermanding and stopping the results of the elections. It smacks of political intervention in the working of the Election Commission. Sir, the public discussion and debate between the then Prime Minister, Shri Chandra Shekhar and the Chief Election Commissioner about the postponment of the elections shows the worst kind of attitude of the Election Commissioner. We had an illustrious galaxy of Election Commissioners. But, the present incumbent had brought the entire Election Commission to a low level. Mr. Vice-Chairman, my friend, Shri Sharma, just now made reference to Section 29(A) regarding the recognition of political parties. The procedure of recognising a political party is mentioned in that Section.

Sir, I draw the attention of my young, intelligent and bouncing Law Minister and Parliamentary Affairs Minister to question No. 462 dated 28th February, 1991 which I put in this House. I wanted to know whether the Election Commission had received the representations regarding ban on communal parties for submission of false affidavits etc. Sir, I quote the Law Minister's reply to this question which says that as per the Commission none of this was based on the ground that false affidavits had been submitted by the political parties for securing recognition. So, what Shri Sharma was mentioning was this issue. This is a total untruth. I challenge the Election Commission. There is another news item dated 5th April, 1991 in the *Indian Express* stating, "Are the affidavits genuine? Dr. Swamy". I have mentioned here what the *Indian Express* has stated it had been mentioned that the affidavits were filed which were contested by the Janata Dal representatives. On this, the late Mr. Peri Shastri ordered an inquiry. The officers went to Ahmedabad. Then the officers sent a report that some of the affidavits, totalling 32 or so, the totally false, and these are submitted by the then President of the Janata Dal, Mr. Indubhai Patel and his Secretary, Shri Subramaniam Swamy. I would seek an assurance from my young friend. We are, here, fighting a battle against corruption. My dear frined, please inform this House whether these affidavits are lying there or whether the inquiry has been scuttled because during the interim period of the previous Government, Ms. Rama Devi was not made the Chief Election Commissioner. Why? Because, she was upright and honest.

Perhaps, the Ministry or somebody might have thought that the present incumbent might be useful. Why? To scuttle such an enqiury. I request you, Mr. Minis-

ter, for the sake of equity, for the sake of justice. Please inform this House whether such an enquiry was ordered by the late Peri Shastri, where the affidavits were found false and, if so, what action the Government is going to take against the Election Commission? Thank you.

श्री चतुरानन मिश्र : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस विधेयक का बहुत हिचकिचाहट के साथ और दुख के साथ समर्थन करता हूं। इसका कारण यह है कि हमारे देश में दिनोंदिन ऐसा एरिया जो है वह बढ़ता चला जा रहा है जहां हम चुनाव नहीं करा पाते हैं, जहां हम जनवादी प्रक्रिया को रख नहीं पाते हैं। यह अत्यंत ही दुखद बात है। अगर ऐसे ही होता गया तो मैं नहीं समझता कि हमारे देश का क्या होगा, हमारे संविधान का क्या होगा और हमारे गणतंत्र का क्या होगा। अभी एक बात हमारे मित्र शर्मा जी ने कही कि कश्मीर घाटी के लोग नान-सेकुलर हैं। तो मैं सोचने लगा कि क्या यह बात सच है। जब हिन्दुस्तान के दो टुकड़े हो गये, हमारे देश के जितने भी इलाके ऐसे थे जहां मुस्लिम आबादी ज्यादा थी वह पाकिस्तान में चले गये तो कश्मीर घाटी ही ऐसी थी जिसने जिन्ना साहेब के साथ जाने से इन्कार किया। शायद शर्मा जी को यह भी मालूम होगा कि जब जवाहरलाल नेहरू गद्दी पर बैठे ही थे तो थोड़े ही दिनों के बाद पाकिस्तान ने कश्मीर पर हमला कर दिया था। उस वक्त हमारी फौज नहीं पहुंच पाई थी, एक हफ्ते से ज्यादा देर लग गई। उस वक्त कश्मीर के मुसलमानों ने रोड्ज को काट दिया था, पानी काट दिया था और पाकिस्तानी फौज को रोक दिया था। उस दिन तो वह सेकुलर थ और आज शर्मा जी यह समझते हैं कि वह सेकुलर नहीं हैं। हम लोगों को इस दृष्टिकोण से विचार नहीं करना चाहिये। अगर शर्मा जी के दृष्टिकोण से और हिन्दू मुसलमान के दृष्टिकोण से विचार करेंगे तो यह बिलकुल घातक होगा। ऐसा मत कीजिये। ऐसा कर के इस देश को हम और आप बरबाद कर रहे हैं। इसलिए हम कहेंगे कि इसकी तह में हम लोगों को जाना चाहिए कि आज कश्मीरी क्यों बगावत में हैं। दूसरी बात जो उन्होंने उठाई उससे मैं कुछ सहमत सा हूं कि इस या ऐसे सवालों पर हमें राष्ट्रीय दृष्टिकोण से विचार करना चाहिये। कश्मीर का सवाल है, पंजाब का सवाल है, इन सवालों पर कम से कम राष्ट्रीय दृष्टिकोण से विचार करना चाहिये। मैं समझता हूं जो आसाम का सवाल है वह दूसरी केटेगरी का है। वहां पर धार्मिक कट्टरवादिता नहीं है, वह लोग रिलीजियस आधार पर देश के टुकड़े नहीं करना चाहते हैं, वह राजनीतिक कारणों से चाहते हैं इसलिए इन दोनों को हमें मिलाना नहीं चाहिये। हम सब लोग मिल कर के काम करें तो बहुत अच्छी बात है लेकिन सब मिलें तब तो। शर्मा जी का ख्याल है कि कश्मीर नॉन-सेकुलर हैं। शर्मा जी का ख्याल है कि उनको जो आर्टिकल 370 मिला हुआ है उसको तुरंत रद्द कर दिया जाए। आर्टिकल 370 एक नेशनल कमिटमेंट है। जब कश्मीर के लोग भारत के साथ आ रहे थे तो हमने आर्टिकल 370 का वादा निभाया (व्यवधान) यह कहीं नहीं लिखा है कि यह कितने दिनों के लिए टेम्पोरेरी है (व्यवधान) टेम्पोरेरी तो हरिजनों के लिए आरक्षण भी था, टेम्पोरेरी तो यह भी था कि हम 10 वर्ष के अन्दर सब को साक्षर बना देंगे। बाकी बात करते ही नहीं हैं इस पर आ जाते हैं कि यह टेम्पोरेरी था। बाकी बातों को कीजिये समग्र रूप से चीजों को देखिये (व्यवधान) नहीं, नहीं कालबद्ध टेम्पोरेरी नहीं है। . . (व्यवधान)

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश) : अनुच्छेद है, वह देखिये, उस में टेम्पोरेरी लिखा है। (*Interruptions*)

SHRI A. G. KULKARNI: How can you say that the reservations are temporary? How do you say that? It is a national commitment.

श्री चतुरानन मिश्र : यह टेम्पोरेरी तो कभी खत्म नहीं होगा। अगर आप बाबरी मस्जिद को उठाते रहें तो यह परमानेंट हो जाएगा, इस शताब्दी में क्या

[श्री चतुरानन मिश्र]

अगली शताब्दी में भी चलता रहेगा। (व्यवधान) आप चलने दीजिए तब तो। हम तो इसको हल कर सकते हैं लेकिन आप मदद भी तो कीजिए। हिंदू राष्ट्र, हिन्द राष्ट्र चिल्लाते रहते हैं। कौन रहेगा हमारे साथ। आपके चलते भारी झंझट हो रहा है, दूसरे भी भड़क रहे हैं।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आपने पाकिस्तान बनवाया..(व्यवधान) कम्युनिस्ट पार्टी ने पाकिस्तान का समर्थन किया था। आज इसका समर्थन कर रहे हैं।

SHR A. G. KULKARNI: Mathur Saheb, your party in Maharashtra produced a book wherein it is alleged that late Lokmanya Tilak was not secular. This is the character of your party.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: No, we withdrew it the next day. It was withdrawn.

SHRI A. G. KULKARNI: The B.J.P. published a book wherein this was stated and when the people of Maharashtra started agitation, they thought that they would lose election, which they have already lost, and so this allegation was withdrawn.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: I want to inform that he is misleading the House. (*Interruptions*).

THE VICE CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA) Mr. Kulkarni asked Shri Chaturanan Mishra whether he would yield and Shri Mishra yielded.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: But he is misleading the House. My party did not come out with the book. The day it was noticed, it was withdrawn the next day.

श्री अरविन्द गणेश कुलकर्णी : लिख तो सच है।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : कुछ सच नहीं लिखा है।

श्री अरविन्द गणेश कुलकर्णी : आपका हृदय है। नाथू राम गोडसे है... (व्यवधान) You don't respect Tilak also. That is your character.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: The Congress has its own name. You disowned Patel, you disowned Tilak. You have disowned, not we.

श्री चतुरानन मिश्र: उपसभापति महोदय, अभी की बहस से फिर एक बात तय हो गयी कि भाजपा के साथ जाकर संयुक्त रूप से काश्मीर में काम नहीं किया जा सकता क्योंकि सदन में जब ये दोनों इस तरह से करते हैं तो काश्मीर जाकर और झंझट हो जाएगा। इसलिए ये लोग उस यूनाइटेड मूव में रखने लायक आदमी नहीं हैं। यह स्पष्ट है।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : एक बार बंटवारा आपने करा दिया अब दूसरा और कराएंगे?

श्री चतुरानन मिश्र : ...(व्यवधान) इनका कैसा दृष्टिकोण है। मिजोरम का जो समझौता हुआ उसमें लिखा हुआ है कि बगल के जो दूसरे देश हैं उनके साथ वे व्यापार कर सकते हैं। ये काहे नहीं बोलते हैं कि यह डिस्क्रिमिनेट्री है? चूंकि कश्मीरी मुसलमान हैं, इसलिए ये बोलते हैं, और कोई कारण नहीं है... (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : मिजोरम का विरोध किया था... (व्यवधान)

श्री चतुरानन मिश्र : इसका अभी विरोध नहीं किया है... (व्यवधान) सुन लीजिए। ये लोग, पूंजीपति लोग काश्मीर में जमीन खरीदने के लिए एकदम ललचा रहे हैं और इसीलिए कहते हैं अनुच्छेद 370 खत्म कर सेठों को कश्मीर में घुसने दीजिए। काश्मीर में क्या हुआ था

शेख अब्दुला के टाइम में विदाउट कम्पेन-सेशन दिये जमींदारी प्रथा खत्म की गयी थी, जैसा सारे देश में कहीं नहीं हुआ था। बाहरी लोगों को कमजोर वर्ग के या विशेष क्षेत्रों में जमीन खरीदने पर पाबन्दी है।

(व्यवधान)

मैं आपसे कह रहा था कि हर जगह ऐसा प्रोटेक्शन मिला हुआ है। ट्राइबल एरियाज में जमीन खरीदने के लिए... (**समय की घंटी**) बहुत से दूसरे लोगों ने टाइम ले लिया है इसलिए हमारे टाइम में उसको मत एडजस्ट कीजिए। जो दूसरे बोले हैं उसको काट दीजिए।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Please be brief, make your point.

SHRI CHATURANAN MISHRA: I am always to the point. Tell me when I have gone astray. मैं इसलिए इन बातों का जिक्र कर रहा था, जमीन वगैरह के बारे में कि सर्टेन प्रोटेक्शन देना जरूरी है। काश्मीर के लोगों को अगर हम साथ रखना चाहते हैं तो जो नेशनल कमिटमेंट है उसको अभी हम रखेंगे। अगर ऐसी हालत पैदा हो जाएगी तो ठीक है हम सब लोग उस दिशा में आगे बढ़ेंगे। लेकिन अभी ऐसी हालत पैदा नहीं हुई है। मैं कह रहा था कि काश्मीरी क्यों बदल गये हैं? इसमें कहना हमारा है कि वहां कुछ ऐसे भेदभाव किये गये। वहां उचित चुनाव नहीं होता था। कांग्रेस के लोग तो बिगड़ जाएंगे क्योंकि उन्हीं की सल्तनत के टाइम में सही ढंग से चुनाव नहीं हुए। जब चुनाव नहीं होने दीजिएगा तो लोग हथियार उठाएंगे, बगावत करेंगे। अब उन्होंने रिलीजन और पोलिटिक्स को मिक्स कर दिया है। यह सबसे बड़ा झंझट वहां हो गया है। यह झंझट तो

5.00 P.M. हमारे शर्मा जी भी करते हैं रिलीजन और पालिटिक्स को मिला करके, बाकी भारत में करते हैं। लेकिन वही काम उन लोगों ने भी किया। माननीय सदस्य भंडारे साहब ने प्रेस कौंसिल की रिपोर्ट पढ़ी। सच्ची बातें कुछ उन्होंने कही हैं। लेकिन, सही बात क्या है कि हम जो सच्ची से सच्ची बात कहेंगे, उसको कश्मीर के लोग नहीं मानते और झूठ से झूठ बात अगर वह मिलिटेंट लोग बोल देते हैं, तो उसी रयूमर को वह सच समझते हैं कि आर्मी ने यह किया, वह किया, या कोई भी चीज की।

इस देश का यही एक वातावरण हो गया है कि हमारी सच्ची बात को मानने के लिए वह तैयार नहीं होते हैं। पंजाब में भी यही बात हो रही है कि हमारी सच्ची बात को वे लोग सुनने के लिए तैयार नहीं होते हैं। इस वातावरण को समाप्त करने के लिए कुछ ठोस कार्यवाही करने की जरूरत है, तभी हम लोग आगे बढ़ सकते हैं। नहीं तो हम एक उदाहरण देते हैं--आज की बात नहीं है (**समय की घंटी**)--हमें (**व्यवधान**) पहले भी ऐसा होना था। अब भुट्टो साहब की हत्या या फांसी हुई और बस जली कहां--श्रीनगर का। माना भाई, भुट्टो साहब डेमोक्रेटिकली इलेक्टेड प्रधान मंत्री थे, इसलिए उनके दुख में कश्मीरियों ने बसें जलायीं। जब भुट्टो साहब की हत्या करने वाले प्रेजीडेंट जिया उल हक पाक हवाई जहाज से गिर कर पाकिस्तान में ही मर गये तब भी हमारी बसें जलाई गईं। यह हास्यास्पद है। कुछ भी हो, तब भी हमारी बस जलेगी। .... (**व्यवधान**)

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : जमीन खरीदने का अधिकार छीन लिया किसी ने.... (**व्यवधान**)

श्री चतुरानन मिश्र : जमीन तो आप खरीदना चाहते ही थे। यह तो हम जान रहे हैं आपकी बात, लेकिन हम उसके होने देने के पक्ष में नहीं हैं।

मैं यह कह रहा था कि आर्मी जहां जाएगी, हमको अपनी आर्मी पर भरोसा है, हम उसकी बहुत इज्जत और कद्र करते हैं, लेकिन आपको बता देना चाहते हैं कि हम कहीं आर्मी भेजते हैं, तो उसे

[श्री चतुरानन मिश्र]

भजन कीर्तन के लिए नहीं भेजते हैं। वह रिप्रेसिव मेजर्ज लेगी। अगर हम पैरा मिलिट्री को भेजेंगे, तो वह रिप्रेसिव मेजर्ज लेगी।

इसीलिए अच्छा तरीका है कि वह हटा लें। अगर भजन भाव के लिए भेजना है, तब तो शर्मा जी से कुछ साधु लोगों को ले लेना चाहिए था। उनको भेज देना चाहिए था, वह भजन भाव करते। पुलिस फौज से जोर जुल्म होगा ही।

मैं आपसे एक दो बातें सुझाव के तौर पर कहना चाहूंगा कि जो लोग सरंडर कर रहे हैं, उनके पुनर्वास के लिए अलग-अलग से इंतजाम कर दिया जाए ये लोग पाकिस्तान के ट्रेंड किए हुए हमारी रिपोर्ट के मुताबिक कश्मीर में वहां के लोग अब पाकिस्तान के खिलाफ होने लगे हैं। कुछ दिन पहले तो नहीं हो रहे थे, लेकिन अभी उन्होंने प्रासस शुरु किया है।

इसीलिए जो सरंडर करते हैं, उनको भी अगर आप जेल में रखते हैं, तो वह कहते हैं कि सरेंडर करके हमको क्या फायदा हुआ।

असल में इस डिबेट में तो होम मिनिस्टर को यहां रहना चाहिए था। हम लोगों को कौन जवाब देगा, ला मिनिस्टर इसका जवाब दे नहीं सकते।

अब हम आपसे कहना चाहेंगे कि कश्मीर की जो सीमा है, उपसभाध्यक्ष जी,... (व्यवधान)

श्री रंगराजन कुमारमंगलम: कलेक्टिव रेस्पांसिबिलिटि है।

श्री चतुरानन मिश्र: वह कलेक्टिव रेस्पांसिबिलिटी अलग चीज है, लेकिन बार्डर सील नहीं कर सकता है ला मिनिस्टर। और बार्डर वहां सील होगा नहीं, क्योंकि ऐसी भौगोलिक स्थिति है कि पूरी सीमा सील नहीं की जा सकती है। हमको इस रिएलिटी को मानना पड़ेगा कि ऐसी बात है। तो इसीलिए हम आपसे कह रहे थे कि जो जेल में बहुत दिनों से पड़े हुए हैं, उनको फ्री कर दिया जाए। उनके ऊपर चार्ज नहीं है, तो उनके साथ सान्त्वना का एक संबंध कायम कीजिए। पोलिटिकल निगोसिएशन जो शुरू हुआ था, रह रह कर वह फिर खत्म हो जाता है। इसीलिए हम चाहेंगे कि उसके बारे में आप प्रासेस को शुरू करें, ताकि हम लोग जनवादी व्यवस्था ला सकें। तुरंत तो हम इस स्थिति में नहीं हैं कि वहां पर इसे कर सकें।

कई अन्य माननीय सदस्यों ने रेफ्यूजीज़ के बारे में—जो लोग वैली से भाग करके यहां आये हैं या भगा दिये गये हैं, उन लोगों की व्यवस्था के बारे में कहा। उसमें मुसलमान भी हैं उनके लिए हम लोगों को अविलम्ब सोचना चाहिए क्योंकि मैं समझता हूं कि निकट भविष्य में न तो पंजाब की समस्या का समाधान होगा और न ही कश्मीर की समस्या का समाधान होगा। इसमें टाईम लगेगा। शायद असम में भी कुछ ऐसी ही बात है, लेकिन उसकी चर्चा मैं अभी नहीं करना चाहता हूं। इन सब सवालों को हल करने में टाईम लगेगा इसीलिए हमको शरणार्थियों के साथ ऐसा करना चाहिए ताकि वे उचित जीवन बिता सकें।

जो लद्दाख क्षेत्र की समस्या है, उसकी चर्चा इन्होंने की। उस पर भी गंभीरता से, खाली चुनाव के लिए नहीं, उनकी अन्य समस्याओं को देखने के लिए विचार करना चाहिए।

मैं अंतिम बात करके समाप्त करना चाहूंगा कि एक पोलिटिकल मूवमेंट चलाने की जरूरत है। उपसभाध्यक्ष जी, कोई पालिटिकल पार्टी कश्मीर वेली में काम नहीं कर पाती है। हमारी पार्टी के तमाम लोग भाग करके चले आए, हमारे राज्य सेक्रेटरी की हत्या हो गई। इसके बाद मे सब कोई जम्मू में पड़ा हुआ है। कांग्रेस पार्टी का कुछ असर है। उनकी

लोग भी भागे हुए हैं। नेशनल कानफ्रेंस के लोग भी भागे हुए हैं। मैं चाहता हूं कि यह कम्युनिस्ट पार्टियां, नेशनल कानफ्रेंस के लोग, कांग्रेस के लोग या इस तरह जो लोग हैं-- मैं शर्मा जी की पार्टी का नाम लेता,.....लेकिन वह तो वहां जा करके यह हल्ला शुरू करने लगेंगे तब तो दूसरे ही झंझट में पड़ जायेंगे। इसलिए इनको हटा दें। अन्य पार्टी के लोगों का हम चाहेंगे कि एक मूवमेंट चलाया जाए और इसके लिए एक रेसपांसिबल बाडी कायम हो। जनता से संपर्क कायम किया जाए और उनको बताया जाए। यह संपर्क जब आप का मजबूत होगा तभी कुछ किया जा सकता है। वहां तो मिलिटेंट लोगों ने इस ब्रिज को तोड़ दिया है। गांव के भीतर आर्मी जा नहीं सकती और जाएगी तो क्या करेगी? गवर्नमेंट कोलैप्स कर गई है। खुफिया व्यवस्था फेल हो गई है।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Mishraji, please conclude.

SHRI CHATURANAN MISHRA: I am concluding. I am making the last point.

ऐसी हालत में एक पोलिटीकल मूवमेंट इसके लिए चलाया जाए। हमारे प्रधान मंत्री तो काफी बूढ़े हैं, बुजुर्ग हैं और ज्ञानवान भी हैं। लेकिन सब ज्ञान रहने ही से तो काम नहीं हो जाता है। नयी पेशकदमी भी हो उनको जिसका हमको लग रहा है कि उनमें अभाव है। तो यह पेशकदमी करके ऐसा आंदोलन चलाएं तो कुछ वर्षों के बाद काश्मीर की समस्या के निदान को हम देख सकते हैं वरना अभी नहीं होगा। इसी सिलसिले में मैं उन बातों का विरोध करता हूं जो कुछ अमरीका के लोग हमारे खिलाफ प्रचार करते हैं। यह हम सिर्फ इसलिए कह रहे हैं कि एक ऐसी इंटरनेशनल एजेंसी है जो लगातार भारत के खिलाफ कर रही है भारत के खिलाफ प्रोपेगंडा का कहीं से भी मैटीरियल मिल जाए और हमारी सरकार इसका सही जवाब नहीं दे पा रही है और वही लोग टैरोरिस्टों को ट्रेंड भी करते हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Please conclude. You are going beyond the time allotted to you, and the time-schedule is going out of order.

श्री चतुरानन मिश्र : दस हजार आदमी ट्रेंड करके पाकिस्तान ने आर्मी के बकौल खड़े किए हैं जिसमें आप दो सौ, तीन सौ को पकड़े हैं तो बाकी का क्या होगा? इसीलिए हम चाहते हैं कि अगर होम मिनिस्ट्री रहती तो इसका जवाब दे पाती। जहां तक ला मिनिस्ट्री का है यह तो एक छोटा सा सवाल टेक्नीकल सवाल है, हम उनका साथ देते, लेकिन बड़ा पेनफुल है।

SHRI A. G. KULKARNI: Sir, is the Minister replying today or tomorrow?

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): The Business Advisory Committee is sitting now. We shall have to wait for its recommendations. Only then will we be able to tell you. After the adjournment of the meeting of the Business Advisory Committee we shall be able to tell you up to what time we shall sit. We shall have to wait for the recommendations of the Business Advisory Committee. So, up to that time we shall have to sit here.

SHRI A. G. KULKARNI: I am requesting that the reply should be given tomorrow.

SHRI S. S. AHLUWALIA: The allotment of time for the business can be read out tomorrow.

SHRI A. G. KULKARNI: Whatever the Committee may decide, when the reply should be given is our discretion. The House desires that the reply should be given tomorrow. We can sit if they want or if somebody wants to speak.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Mr. Khaleeludr Rahman. The time allotted for you is eight minutes.

श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान (आन्ध्र प्रदेश): जनाब वाइस चेयरमैन साहब, रिप्रेजेंटेशन आफ पीपुल्ज (अमेंडमेंट) बिल, 1991 जो पेश किया गया है हकूमत की जानिब से मैं मख्सूस हालात में इस बिल की ताईद करता हूं। जनाब वाइस चेयरमैन साहब, आप अच्छी तरह से जानते हैं कि अभी हाल जो हमारे जनरल इलैक्शज हुए, भारत की लोक सभा के लिए, यह पूरे मुल्क में हुए, सिवाय जम्मू और कश्मीर के। होना तो यह चाहिए था कि यह इलेक्शन पूरे मुल्क में होते, मगर जो मख्सूस हालात रियासते जम्मू और काश्मीर में हैं, उन हालात को पेशे-नज़र रखते हुए वहां पर इलेक्शन नहीं करवाए गए। अभी हमारे अहलुवालिया जी और भंडारे जी ने यह कहा कि यह जो हालात जम्मू और काश्मीर में पैदा हुए, वह जो है वहां की असेंबली को डिज़ाल्व करके प्रेसीडेंट रूल लगाने के बाद, वह हालात पैदा हुए हैं। मगर मैं उनकी बात से इत्तफाक नहीं करता, कई सालों से वहां पर जम्मू और काश्मीर में इस किस्म के हालात पैदा हुए। जब कांग्रेस की हकूमत थी यहां पर मरकज़ में और वहां फारूक अब्दुल्ला साहब चीफ मिनिस्टर थे उस वक्त भी हमने देखा कि हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के दरम्यान जो क्रिकेट मैच खेला गया था उसमें भी इस किस्म के हंगामे हुए थे और खास तौर पर कहा यह जाता है कि जितने भी इलेक्शज जम्मू और काश्मीर में लड़े गए, ख्वाह वह लोक सभा के हों या असेंबली के हों, उन इलेक्शज में रिगिंग की गई। और फिर वहां की हुकूमत में भी एक किस्म के निपोटिज्म के तौर पर वे लोग काम करते रहे, ओहदे जो देते गए, वे सिर्फ रिश्तेदारों को देते गए, अजीज़ अखारिब और दोस्त साहबान की बिरादरी को ध्यान में रखते हुए वहां काम किया गया। तो जाहिर है कि इस किस्म के हालात से वहां के आवाम में एक किस्म की बेचैनी पैदा हुई और उस बेचैनी का असर हम देख रहे हैं कि टेररिज्म की शक्ल में हुआ है। अभी हमने देखा कि वहां कई वाकयात किडनेपिंग के हुए। खुद हमारे साबिक वजीरे दाखिला मुफ्ती सईद की साहिबजादी रुबैया का और फिर हमारी पार्लियामेंट के नेशनल कांफरेंस के मबर सोज़ साहब की साहिबजादी का किडनेपिंग, एल०आई०सी के अफसर का कत्ल और वहां के मशहूर लीडर मोलवी फारुख का कत्ल हुआ और अभी आपने देखा कि दुरैस्वामी को किडनेप किया गया है। ये सब वाकयात ऐसे हैं कि अभी भी वहां के हालात अच्छी तरह से काबू में नहीं आ सके हैं। लिहाज़ा वहां पर इस बात के कतई इंतजामात नहीं हैं कि फेअर एंड फ्री इलेक्शस हो सकें। इन बातों को सामने रखते हुए यह बात महसूस की गयी कि जम्मू-काश्मीर के इलेक्शस को फिलवक्त रोक दिया जाए और वहां पर उसी वक्त इलेक्शस कराए जाएं जबकि हालात साजगार हों और फ्री एंड फेअर इलेक्शस हो सकें।

जनाब वाइस चेयरमैन साहब, अभी आर्टिकल-370 की बात की गयी। हमारे बी०जे०पी० के साथियों की जानिब से आर्टिकल 370 को निकालने की जो बात हो रही है, उससे भी जम्मू-काश्मीर की आवाम में एक किस्म का डर और खौफ है। वह इस वजह से कि तमाम कमानियत के साथ आर्टिकल-370 दिया गया था, तो फिर क्या वजह है कि आर्टिकल 370 को बर्खास्त किया जा रहा है। लिहाजा इस बात की जरूरत है कि वहां की आवाम के जेहन में, उनके खलूब में यह बात पैदा की जाय कि आर्टिकल-370 को कतई नहीं हटाया जाएगा और आर्टिकल-370 कायम और बरकरार रहेगा। जब जम्मू काश्मीर के आवाम में यह बात पैदा हो जाएगी कि आर्टिकल 370 के हटने की बात किसी सियासी पार्टी की तरफ से नहीं हो रही है तो आप यकीन मानिए कि वहां के हालात खुद-ब-खुद बेहतर हो जाएंगे। लिहाज़ा मैं हमारे साथियों से यह दरख्वास्त करूंगा कि आप बराए-करम आर्टिकल-370 को हटाने की बात न कीजिए ताकि वहां के आवाम में एक तरह का सुकून और इत्मीनान पैदा हो सके।

अब जरूरत इस बात की है कि वहां के हालात को दुरुस्त करने के लिए चंद इंतज़ामात किए जाएं। क्योंकि टाइम

कम है और बातें बहुत कहनी हैं, मैं सिर्फ चंद तजावीज आपके तवस्सुर से हुकूमत को पेश करना चाहता हूं। वहां पर खास तौर पर फलों की जो पैदायार है और खास तौर से सेब की जो पैदावार है, उसमें सेब उगाने के लिए लोगों की हिम्मत-अफजाई की बेहद जरूरत है। उनको सेब उगाने के लिए हुकूमते हिंद की जानिब से मदद दी जाना चाहिए। अभी पिछले हफ्ते दूरदर्शन पर जम्मू-काश्मीर के ताल्लुक से एक न्यूज रील बताई गई थी। उसमें यह भी बताया गया कि इस साल वहां फसलें बहुत अच्छी हुई हैं। अब इस बात की भी जरूरत है कि वहां जो भी फसलें होती हैं, वहां की जिरात को भी बढ़ावा दिया जाए। साथ ही पिछले दो साल से हम यह देख रहे हैं कि वहां का टूरिज्म मुतासिर हो गया है। जम्मू काश्मीर की आमदनी का इनहसार तो सिर्फ और सिर्फ टूरिज्म से होता है। लिहाजा इस बात की जरूरत है कि टूरिज्म की जो सनअत है, उसको तरक्की दी जाए। खास तौर पर बाहर से आने वाले जो फॉरेन टूरिस्ट्स हैं, उनमें यह खतरे का एहसास खत्म किया जाना चाहिए कि रियासते जम्मू और काश्मीर में अगर वे आएं, तो उनके लिए वहां कोई खतरा है। यह खतरा, यह बात, यह अंदेशा उनके जेहनों से निकाल देना चाहिए और जो वहां की टूरिज्म की सनअत है उसको भी तरक्की दी जाय।

जब यह हालात मामूल पर आ जाएंगे तो यकीनन एक अच्छे माहौल में, खुशगवार माहौल में वहां इलेक्शन होगा और वह इलेक्शन ऐसा होगा, बिल्कुल फेयर एण्ड फ्री इलेक्शन होगा। उसमें जो भी नुमाइंदे आएंगे, वह सही मायनों में अवाम के हकीकी नुमाइंदे होंगे।

इन चंद बातों के साथ जो आपने मुझे टाइम दिया, उसका मैं शुक्रिया अदा करता हूं।

†[شری محمد خلیل الرحمان (آندھرا پردیش) : جناب وائس چیرمین صاحب - ریپریزنٹیشن آف پیپلز (امنڈمنٹ) بل 1991 جو پیش کیا گیا ہے حکومت کی جانب سے میں مخصوص حالات میں اس بل کی تائید کرتا ہوں - جناب وائس چیرمین صاحب آپ اچھی طرح سے جانتے ہیں کہ ابھی حال میں جو ہمارے جنرل الیکشن ہوئے - بھارت کی لوک سبھا کیلئے یہ پورے ملک میں ہوئے سوائے جموں اور کشمیر کے - ہونا تو یہ چاہئے تھا کہ الیکشن پورے ملک میں ہوتے - مگر جو مخصوص حالات کو پیش نظر رکھتے ہوئے - وہاں پر الیکشن نہیں کروائے گئے - ابھی ہمارے اہلووالیہ جی اور بھنڈارے جی نے کہا کہ جو حالات - جموں اور کشمیر میں پیدا ہوئے وہ جو ہیں وہاں کی اسمبلی کو ڈزالو کرکے پریسیڈنٹ رول لگانے کے بعد وہ حالات پیدا ہوئے - مگر میں انکی بات سے اتفاق نہیں کرتا - کئی سالوں سے وہاں پر جموں اور کشمیر میں اس قسم کے حالات پیدا ہوئے - جب کانگریس کی حکومت تھی یہاں پر مرکز میں اور وہاں پر فاروق عبداللہ صاحب چیف منسٹر تھے اس وقت بھی ہم نے دیکھا کہ ہندوستان اور پاکستان کے درمیان

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

نہیں آسکے ہیں - لہذا وہاں د
اس بات کے قطعی انتظامات نہیں
ہیں کہ فیئر اینڈ فری الیکشنز
ہو سکیں ان باتوں کو سامنے رکھتے
ہوئے یہ بات محسوس کی گئی کہ
جموں کشمیر کے الیکشنز کو فی الوقت
روک دیا جائے اور وہاں پر اسی
وقت الیکشنز کرائے جائیں - جبکہ
حالات سازگار ہوں اور فری اینڈ فیئر
الیکشنز ہو سکیں -

جناب وائس چیئرمین صاحب-
ابھی آرٹیکل ۳۷۰ کی بات کی گئی-
ہمارے ہی چے پی کے ساتھیوں کی
جانب سے آرٹیکل ۳۷۰ کو نکالنے کی
جو بات ہو رہی ہے اس سے بھی
جموں کشمیر کی عوام میں ایک
قسم کا ڈر اور ہے - وہ اس وجہ سے
کہ تمام کمانیوٹ کے ساتھ آرٹیکل
۳۷۰ دیا گیا تھا - تو پھر کیا وجہ
ہے کہ آرٹیکل ۳۷۰ کو برخاست کیا
جا رہا ہے - لہذا اس بات کی
ضرورت ہے کہ وہاں کے عوام کے ذہن
میں - انکے قلوب میں یہ بات پیدا
کی جائے - کہ آرٹیکل ۳۷۰ کو
قطعی نہیں ہٹایا جائیگا - اور
آرٹیکل ۳۷۰ قائم اور برقرار رہے گا -
جب جموں کشمیر کے عوام میں یہ
بات پیدا ہو جائے گی کہ آرٹیکل
۳۷۰ ہٹنے کی بات کسی سیاسی
پارٹی کی طرف سے نہیں ہو رہی
ہے - تو آپ یقین مانئے کہ وہاں کے

جو کرکٹ میچ کھیلا گیا تھا -
اسمیں بھی اس قسم کے ہنگامے ہوئے
تھے اور خاص طور پر کہا یہ جاتا
ہے کہ جتنے بھی الیکشنز جموں اور
کشمیر میں لڑے گئے - خواہ وہ
لوک سبھا کے ہوں یا اسمبلی کے
ہوں - ان الیکشنز میں رگنگ کی
گئی - اور پھر وہاں کی حکومت
میں بھی ایک قسم کے نیپوٹزم کے
طور پر وہ لوگ کام کرتے رہے - عہدے
جو دیئے گئے وہ صرف رشتہ داروں کو
دیئے گئے - عزیز و اقارب اور دوست
صاحبان کی برادری کو دھیان میں
رکھتے ہوئے - وہاں کام کیا گیا - تو
ظاہر ہے اس قسم کے حالات سے
وہاں کے عوام میں ایک قسم کی
بیچینی پیدا ہوئی اور اس بیچینی
کا اثر ہم دیکھ رہے ہیں کہ ٹیروزم
کی شکل میں ہوا - ابھی ہم نے
دیکھا کہ وہاں کئی واقعات کڈنیپنگ
کے ہوئے- خود ہمارے سابق وزیر داخلہ
مفتی سعید کی صاحبزادی روبیہ کا
اور پھر ہماری پارلیمنٹ کے نیشنل
کانفرنس کے ممبر سوز صاحب کی
صاحبزادی کا کڈنیپنگ- ایل آئی سی
کے افسر کا قتل اور وہاں کے مشہور
لیڈر مولوی فاروق کا قتل ہوا اور
ابھی آپ دیکھا کہ درے سوامی کو
کڈنیپ کیا گیا ہے - یہ سب واقعات
ایسے ہیں کہ ابھی بھی وہاں کے
حالات اچھی طرح سے قابو میں

سے ہوتا ہے لہذا اس بات کی ضرورت ہے کہ ٹورزم کی جو صنعت ہے اسکو ترقی دی جائے - خاص طور پر باہر سے آنے والے جو فارن ٹورسٹس ہیں - انمیں یہ خطرہ کا احساس ختم کیا جانا چاہئے کہ ریاست جموں اور کشمیر میں اگر وہ آئے تو انکے لئے وہاں کوئی خطرہ ہے - یہ خطرہ یہ بات یہ اندیشہ انکے ذہنوں سے نکال دینا چاہئے - اور جو وہاں کی ٹورزم کی صنعت ہے اسکو بھی ترقی دی جائے -

جب یہ حالات معمول پر آ جائیں گے تو یقیناً ایک اچھے ماحول میں خوشگوار ماحول میں وہاں الیکشن ہوگا اور وہ الیکشن ایسا ہوگا - بالکل فیئر اینڈ فری الیکشن ہوگا - اسمیں جو بھی نمائندے آئیں گے وہ صحیح معنوں میں عوام کے حقیقی نمائندے ہونگے-

ان چند باتوں کے ساتھ جو آپنے مجھے ٹائم دیا اسکا میں شکریہ ادا کرتا ہوں -]

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Now, Mr. Shabbir Ahmad Salaria. You shall have to conclude with in five minutes.

श्री शब्बीर अहमद सलारिया (जम्मू और कश्मीर) : सदरे आला, मैं आपका मशकूर हूं कि आपने मुझे यह मौका दिया । यहां पर यह कहा गया कि आर्टिकल 370 ही कश्मीर के मौजूदा हालात की वजह है और यह आर्टिकल टेम्परेरी प्रोवीजन है । यह कृष्ण लाल जी

حالات خود بخود بہتر ہو جائیں گے- لہذا میں ہمارے ساتھیوں سے درخواست کرونگا کہ آپ برائے کرم آرٹیکل ۳۷۰ کو ہٹانے کی بات نہ کیجئے تاکہ وہاں کے عوام میں ایک طرح کا سکون اور اطمنان پیدا ہو سکے -

اب ضرورت اس بات کی ہے کہ وہاں کے حالات درست کرنے کیلئے چند انتظامات کئے جائیں - کیونکہ ٹائم کم ہے اور باتیں بہت کہنی ہیں - میں صرف چند تجاویز آپ کے توسط سے حکومت کو پیش کرنا چاہتا ہوں - وہاں پر خاص طور سے پھلوں کی جو پیداوار ہے اور خاص طور سے سیب کی جو پیداوار ہے اسمیں سیب اگانے کیلئے لوگوں کی ہمت افزائی کی بیحد ضرورت ہے - انکو سیب اگانے کیلئے حکومت ہند کی جانب سے مدد کی جانی چاہئے - ابھی پچھلے ہفتے دوردرشن پر جموں کشمیر کے تعلق سے ایک نیوز ریل بنائی گئی تھی - اسمیں یہ بھی بتایا گیا تھا کہ اس سال وہاں فصلیں بہت اچھی ہوئی ہیں- اب اس بات کی بھی ضرورت ہے کہ وہاں جو بھی فصلیں ہوتی ہیں - وہاں کی زراعت کو بھی بڑھاوا دیا جائے - سانھ ہی پچھلے دو سال سے ہم یہ دیکھ رہے ہیں کہ وہاں کا ٹورزم متاثر ہو گیا ہے- جموں کشمیر کی نی آمد کا انحصار تو صرف ٹورزم

[श्री शब्बीर अहमद सलारिया

ने फरमाया । दरअसल कृष्ण लाल जी मुख्तलिफ औकात पर यह बात कहते हैं और मैं समझता हूं कि यह वक्त है कि उनकी गलतफहमी को दूर कर दिया जाए ।

आर्टिकल 370 हमने हिंदुस्तान के आईन में नहीं रखा । आर्टिकल 370 रखने की वजह यह है कि महाराजा हरि सिंह ने तीन या चार सब्जेक्ट पर भारत के साथ इलहाक किया, जब पाकिस्तान ने इस पर हमला किया । उससे पहले इलहाक करने के लिए तैयार नहीं थे । पाकिस्तान का डंडा उसको चढ़ा और वह मजबूर हुए । उन्होंने यहां पर इलहाक किया । जो इलहाक-नामा यहां पर कबूल किया गया लार्ड लुईस माउण्टबेटन और मिस्टर जवाहर लाल नेहरू के साथ और युनाइटेड नेशन में आपने कहा कि यह इलहाक जो है, हमको तब तसलीम होगा, जब जम्मू और कश्मीर की आवाम एक प्लेबिसिट के जरिए अपना फैसला करे । लिहाजा आईने हिंदुस्तान में आपने खुद टेम्परेरी दर्जा कर दिया । हमारा क्या कसूर है ? आईने-हिंदुस्तान में,

In the Constitution of India it was described as something temporary. Why? The Maharaja of Kashmir acceded to you on limited accession, on four subjects. You yourself said "This accession is not acceptable except as and when the people of Kashmir by a resolution or by a plebiscite agree to it.

लिहाजा आपने उस वक्त आईन में यह बात रखी । युनाइटेड नेशन में जाकर आपने कहा । अब आप यहां पर कह रहे हैं, यह टेम्परेरी हमने इसलिए रखा था कि इसको किसी दिन तोड़ दिया जाए । ऐसी बात नहीं है । कम से कम अपने इतिहास को पढ़ा कीजिए, कम से कम अपनी हिस्ट्री को देखिए, कम से कम उन वाकयात को देखिए जिनकी बुनियाद पर इस आर्टिकल 370 को रखा गया । ठीक है यह आर्टिकल 370 टेम्परेरी है । क्यों टेम्परेरी है?

It is temporary because your yourself said that it will be temporary. It is temporary because you said that the fate of Kashmir will be decided by the people of Kashmir by a plebiscite. It is you who said it. It is the Government of India which gave birth to the idea of a plebiscite in Jammu and Kashmir. It is not anybody else. So it is your creation. It is not their creation.

दूसरा आप फरमाते हैं कि 1976 में आईने-हिंद में तरमीम की गई और तरमीम करने के बाद उसमें अलफाज सेकुलर और सोशलिस्ट लिखे गए, लेकिन यह अलफाज कश्मीर के लिए हावी नहीं होंगे । अनफोर्चुनेटली, बी जे पी को यह पता नहीं है कि कश्मीर का अपना आईन है क्योंकि जब हरि सिंह ने भारत के साथ इलहाक किया था तो उसने वाजेह तौर पर कहा था—

"I shall not be bound by any Constitution of India".

लिहाजा आपने उनको हक दिया कि वह अपना आईन बनाएं और उन्होंने अपना आईन बनाया और अपने आईन में यह अलफाज सोशलिस्ट और सेकुलर आज से कई साल पहले उन्होंने लिख दिए, कश्मीर के लोगों से हमारा आईन जो है, उससे बहुत ज्यादा पसमांदा आईन है ।

Our Constitution was so backward as compared to the Constitution of Jammu and Kashmir.

श्री कृष्ण लाल शर्मा : आप कोट करो जम्मू-कश्मीर के आर्डर को ।

श्री शब्बीर अहमद सलारिया : मैं कह रहा हूं । मैं एक लॉयर हूं मेरा काम ही कानून पढ़ना है । आप उनका आईन पढ़ें जम्मू-कश्मीर के आईन में । पहले ही लिखा था—सेकुलर और सोशलिस्ट । आपको बाद में याद आया । लिहाजा इसको दुबारा वहां क्या करना था ? फिर यह फरमाते हैं कि रिप्रजेंटेशन ऑफ पीपुल्स एक्ट का 29 (ए) वहां हावी नहीं है । किस बात की दुहाई देते हो ? आपकी कन्करेंस लिस्ट तो वहां हावी नहीं

है, वहां पर तो आपकी जो सेंट्रल लिस्ट है, जो लिस्ट नम्बर एक है, वह हावी है और उस लिस्ट को रूह में रिप्रजेंटेशन आफ दि पीपुल्स इम्प्लेकशन लॉ जम्मू-कश्मीर में वह स्टेट सब्जेक्ट है, सेंट्रल सब्जेक्ट ही नहीं है, लिहाजा How can section 29(a) incorporated by Parliament be enacted in Jammu and Kashmir? And it is a sorry state of affairs that Members of Parliament, without studying law, make speeches and make certain assertions here which have no basis in the eye of law.

फिर कहा गया कि जम्मू और कश्मीर नॉन सैक्यूलर हैं। जम्मू डिवीजन में 6 जिले हैं और उन 6 में से 3 डिस्ट्रिक्ट में मुस्लिम मेजोरिटी है, वहां पर कोई टरमाएल नहीं हैं। यह इसके नॉन सैक्यूलर होने का सबूत है या सैक्यूलर होने का सबूत है। लद्दाख में मुस्लिम मेजारिटी है, वहां पर किसी किस्म का आतंकवाद नहीं हैं। लेकिन वादी-ए-कश्मीर के अंदर यह हालात पैदा करने की जिम्मेदारी किसकी हैं ?

The present question is: How are we going to improve the situation in Kashmir. The situations should be improved with a view to hold elections in Kashmir. Firstly, in the present operations done in Kashmir, obviously thousands of people have been held on the basis of suspicion. Will it not be proper to constitute a body consisting of a member of BJP, a member of the Congress and a member of the National Conference and a nominee of the Government? They should sit together and review those cases, the cases of people whom you have taken into custody simply because they are suspect and who have committed no over act. Then send a good message to the people of Kashmir that you are releasing the innocent people. Why don't you do that?

Secondly, in Kashmir, you have got a Government which has proved to be counter-productive. You have a Government of bureaucrats, people totally divorced from the life in Kashmir. And there is total corruption and there is no liaison between the people and these bureaucrats. Why don't you think of these things? I tell you honestly that it is in the interests of the country, in the interests of the nation, to change that administration. Have people who have a political background. Have people who have a social background. Have people who will be capable of developing liaison with the people. Let a man from the BJP, a man from the National Conference and a man from the Congress be the advisers of the Government. But please change the system if you have to save Kashmir.

Mr. Bhandare gave very good suggestions. He has said that there is large-scale unemployment in Kashmir. The BJP and the hon. Minister may kindly also consider this. These unemployed are the breeding ground for the other side. They are their ground for recruiting people. If those who have gone to the other side come down, lay down arms and agree to live in the national mainstream, what grievance have you with that? If those who are engaged in these activities today lay down arms, come to you and say, "All right. We accept whatever is there and we are sorry for what we did", why don't you accept it. We have to set things right. As Mr. Bhandare said, why don't you employ the educated youth whom they are employing? You employ them. Today if you start talking of service rules, advertisements. competitive examinations, it will not help. You cannot solve and extraordinary condition by ordinary means.

I think these things need consideration in order that my friends may appreciate them, in order that the Government which is lying oblivious to what should be done in Kashmir may know it. They have no policy at all in Kashmir. They have not taken any concrete steps in Kashmir. They just send Governments and some bureaucrats and thing that the Kashmir situation will be solved. The other side is doing many things and you are doing nothing. In the circumstances, therefore, I commend Mr. Murli's suggestion that the young people who are eligible and who could be recruited in

[श्री शब्बीर अहमद सलारिया

various services should be recruited. Another suggestion made by Mr. Bhandare is very valid in which he said, "Don't think that in Kashmir, IAS and IPS officers sent from other parts of the country can be more successful". You take people from Kashmir. You involve the people of Kashmir in the running of the administration and you will find the results will be far better. Those people who come from outside, they take many years to understand the problems and they do not know the ground reality. They do not know the language. Therefore, it is necessary that this attitude should be changed and the local administration should be associated with it.

